

यान्केले रोत्लित

इज़रायल के प्रसिद्ध और लोकप्रिय गीतकार और पत्रकार। उनका जन्म १९४५ में ख़ैफ़ा नगर में हुआ था। १९६६ से वे यरुशलम में रहते हैं। उन्होंने १९६७ के युद्ध की लड़ाइयों में भाग लेकर बुरी तरह घायल हुए और एक टांग खोई। १९६८ में गीत लिखने लगे। तब उन्होंने शांति का गीत लिखा जो इज़राइल के वामपंथी दलों का एक राजनैतिक गाना बना है। उन्होंने बीसियों गाने लिखे हैं और उनके पांच ऐसे अल्बम निकाले हैं जिनके गानों की धुन भी ख़ुद ही रची और स्वयं गाया। १९९८ में उन्हें संगीत अकादमी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुझे कुछ कहना था गाने की धुन एक प्रसिद्ध संगीतकार और गायक यहूदा पोलीकेर ने रची तथा इसकी प्रस्तुति भी दी।

अनुवाद

हिब्रू से हिन्दी अनुवाद डॉ. गेनादी श्लोम्पेर

प्रेम की राह

मुझे कुछ कहना था
पर जता ही न पाया
जिन शब्दों को चुना
वे लगे मुझे व्यर्थ
जीवन में ऐसे भेद हैं
घनिष्ठ व अज्ञेय जैसे माया
समझने में जिन्हें
मैं रहूंगा सदा असमर्थ

जो दिशाएं मुझे खींचती थीं
मैं अधिकतर कतराया
जिस दिशा में चला
वह दिशा थी भ्रमों से भरी
हर्षोल्लास का हर क्षण
करुणा को समाया
जैसे मांगी है
चीज़ जो नहीं है मेरी

मेरा स्वप्न पुराना कचोट लेके
फिर रात को आया
उसके टूटे टुकड़े
आंसू बनके नैनों से बहे
अपनी पीड़ा को मैंने रात-रात
दारू पीकर घटाया
जिस डगर पे चला मैं
कोई भी न चले

लेकिन जीवन की यात्रा में
साथ तू रही, जैसे साया
तेज़ तूफ़ान के अंधकार में भी
जाती रही, न रुकी
मुझे प्रेम ने हमेशा
अपार व असीम सुख दिलाया
दुर्दशा भी कभी
मेरे प्रेम को मिटा न सकी।
■